कार्यालय : श्रम कल्याण विभाग
तरूणालय 'बी' बिल्डिंग, करोल बाग,
नई दिल्ली–110005.
E.Mail.I.D. lwodjb@gmail.com
दूरभाष संख्या–23678380–81–82 Extn.-253, 254

133395

पत्र कमांक : दिजबो / उ.नि.(श्र.क.) / 2015 / डी– दिनॉक : 14/10/2015

विषय : दिनॉक 04.10.2015 को सदस्य (प्रशासन) की अध्यक्षता में हुई दिल्ली जल बोर्ड कर्मचारी सम्पर्क सभा का मसौदा

दिनॉक 04.10.2015 को सदस्य (प्रशासन) की अध्यक्षता में चतुर्थ दिल्ली जल बोर्ड कर्मचारी सम्पर्क सभा का आयोजन किया गया । जिसमें निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक) श्री यू.बी. त्रिपाठी, सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण) श्री जी. दयाल, सहायक आयुक्त (सामान्य)–प्रथम एवं द्वितीय, श्री अमित जैन, सहायक आयुक्त (वितरण) श्री एस.के. शर्मा, सहायक आयुक्त (तकनीकी) श्री कालिया, सहायक आयुक्त (बल्क) श्री शेखर कुमार, प्रशासनिक अधिकारी (श्रम कल्याण) / (भूमि एवं सम्पदा), श्री विलास रामपाल व लगभग 150 कर्मचारी उपस्थित हुए ।

सर्वप्रथम सदस्य (प्रशासन) एव निदेशक (प्रशा.एवं का.) का सभा में उपस्थित होने पर अभिनन्दन किया गया ।

सदस्य (प्रशासन) की अनुमति के पश्चात् सर्वप्रथम प्रशासनिक अधिकारी (श्रम कल्याण) द्वारा उपस्थित जन समूह को दिल्ली जल बोर्ड प्रशासन द्वारा गत तीन माह में की गई निम्नलिखित उपलब्धियों की जानकारी दीः–

1. दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 21 नए अस्पताल एवं जॉच केन्द्रों को पैनल में पंजीकृत किया गया ।
2. चिकित्सा के पश्चात् कार्यालय में भुगतान के लिए बिल जमा करने की अवधि 3 माह से बढ़ाकर 6 माह कर दी गई है ।
3. श्रेणी स के जो कर्मचारी शिक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति कार्यालय से प्राप्त करते है वह कर्मचारी भी अपने प्रथम दो बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं ।
4. दिल्ली जल बोर्ड में नवम्बर 2015 में खेल–कूद सप्ताह का आयोजन किए जाने पर विचार किया जा रहा है जिसके लिए श्रम कल्याण विभाग द्वारा परिपत्र जारी किया जा चुका है ।
5. दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एक कार्यक्रम प्रतिभा की खोज करने पर विचार किया जा रहा है जिसके लिए भी श्रम कल्याण विभाग द्वारा एक परिपत्र जारी किया जा चुका है ।
6. दिल्ली जल बोर्ड द्वारा करूणामूलक आधार पर नियुक्ति हेतु गठित स्कीनिंग कमेटी की बैठक हो चुकी है एवं निर्णय की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी ।
7. 110 नियुक्तियॉ नियमित की गई ।
8. 108 कर्मचारियों पदोन्नत किया गया ।
9. 175 कर्मचारियों को ए.सी.पी. / एम.ए.सी.पी. का लाभ दिया गया ।

5339
20/10/15

EE/EDP

तदोपरान्त सभी सहायक आयुक्तों, प्रशासनिक अधिकारी (श्रम कल्याण) द्वारा दिनॉक 21.06.2015 को हुई कर्मचारी सम्पर्क सभा में उपस्थित हुए कर्मचारी/पेंशनधारी/आश्रित परिवारों के सदस्यों द्वारा दिए गए 114 आवेदन पत्रों/सुझावों पर की गई कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण किया गया । कुल प्राप्त 114 आवेदन पत्रों में से 55 आवेदन पत्रों पर कर्मचारी के हक में फैसला लिया गया व 28 आवेदन पत्र के शिकायतें/सुझाव उचित न होने के कारण निरस्त कर दिए गए । शेष आवेदनों पर कार्यवाही के आदेश दे दिए गए है ।

दिनॉक 4.10.2015 को हुई कर्मचारी सम्पर्क सभा में उपस्थित कर्मचारी/पेंशनधारी/आश्रित परिवारों के सदस्यों द्वारा मौखिक रूप से बतायी गई समस्याऍ एवं सुझावों पर कुछ मामलों में सक्षम अधिकारी द्वारा सभा के दौरान ही फैसलें ले लिए गए ।

सभा के अंत में सदस्य (प्रशासन) ने सभा में आए हुए सभी कर्मचारी/पेंशनधारी/आश्रित परिवारों के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं चाहता हूॅ कि कर्मचारी सम्पर्क सभा में ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी/पेंशनधारी/आश्रित परिवारों के सदस्य उपस्थित हों ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का तुरन्त समाधान संभव हो सकें । सदस्य (प्रशासन) ने सभा में उपस्थित जन समूह को प्रशासन के प्रति उत्पन्न होने वाले विश्वास के लिए धन्यवाद किया ।

इस सभा में कुल 53 आवेदन पत्र (Fifty Three applications) प्राप्त हुए । लिखित रूप में आए हुए आवेदनों को संबंधित विभागाध्यक्षों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने/कार्यवाही करने के लिए प्रेषित किया जा रहा है ।

चतुर्थ दिल्ली जल बोर्ड कर्मचारी सम्पर्क सभा का बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में समापन हो गया ।

गंगेश्वर दयाल

(जी. दयाल)
सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)

<u>सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी</u>

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. उपाध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड
2. सभी सदस्य, दिल्ली जल बोर्ड
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निजी सचिव
4. सदस्य (प्रशासन)/(वित्त)/(जलापूर्ति)/(ड्रेनेज)/मुख्य सतर्कता अधिकारी
5. सचिव, दिल्ली जल बोर्ड
6. सभी मुख्य अभियन्ता/निंदेशक/अधीक्षण अभियन्ता/संयुक्त निदेशक(राजस्व)
7. अतिरिक्त निदेशक सतर्कता सभी उप निदेशक (राजस्व)/(प्रवर्तन)/सभी सहायक आयुक्त/सहायक आयुक्त (ई.डी.पी.)
8. विधि अधिकारी/उप निदेशक (विधि)/परामर्शदात्री (जन सम्पर्क)
9. सभी चिकित्सा अधिकारी
10. मुख्य सुरक्षा अधिकारी/उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी
11. सभी यूनियनें

गंगेश्वर दयाल

सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)